आजा रे सांवरे | By Muskan Sharma

छोड़ गए तुम हमको मोहन जग में किसके सहारे
टूट रही साँसों की डोरी अब तो दर्श दिखा रे
आजा रे सांवरे आजा रे ....

जीवन में कुछ भी नहीं है बिन अब तुम्हारे
तेरे बिना ये मोहन किस काम का रे
किसके सहारे जियूं अब में हे जग पालनहारे
आजा रे सांवरे आजा रे ....

आँखों को हर घडी है इंतज़ार तेरा
जीवन है रात काली कर दो सवेरा
अपने चाहने वालों को अब इतना ना तरसा रे
आजा रे सांवरे आजा रे ....

प्राण पखेरू चाहे अब हो भी जाएँ
ग़म बस रहेगा तुमसे हम मिल ना पाए
आके दर्श दिखा दे या फिर प्राण मेरे लेजा रे
आजा रे सांवरे आजा रे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-muskan-sharma/